an>

Title: Need to construct a bridge over Ramganga river at Badagaon Arjunpur in Hardoi Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपके संज्ञान में पुनः लाना है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा नदी पर बड़गाँव, अर्जुनपुर के पास एक पुल निर्माण कराए जाने के लिए काफी समय से जनता द्वारा मांग की जा रही है। ...(व्यवधान)

महोदया, इस स्थान पर आज़ादी के बाद 65 साल से पंटून पुल का समय-समय पर आवागमन हेतु निर्माण कराया जाता है जो बाढ़ में प्रतिवÂर्ष नदी में बह जाता है। बरसात खत्म होने के बाद पुनः पंटून पुल के ड्रम एकत्रित कर रास्ते का संचालन किया जाता है। ...(व्यवधान)

महोदया, आपके संज्ञान में यह भी लाना है कि वर्ष 1976 में कार्तिक पूर्णिमा पर इसी स्थान पर नाव पलटने से 90 स्नानार्थियों को जान गँवानी पड़ी थी। सन् 2012 की 23 जनवरी को इसी स्थान पर ट्रैक्टर ट्रॉली फिसलने से हरियापुर मढ़ैया गाँव के दो लोगों की डूबकर जान गई थी तथा एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। वर्ष भर आये दिन इस स्थान पर कोई न कोई हादसा होता रहता है। महोदया, इस स्थान पर पुल निर्मित हो जाने से जनपद फर्रूखाबाद व जनपद कन्नौज का सीधा आने जाने का रास्ता मात्र 10 किलोमीटर की दूरी का रह जाता है जो कि वर्तमान में 50 से 75 किलोमीटर की दूरी का चक्कर लगाकर कन्नौज-फर्रूखाबाद जनपद जाना पड़ता है। यह मेरी माननीय प्रधानमंत्री से मांग है पुल निर्माण

हेतु । ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अंशुल वर्मा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।